>

Title: Request to close the unmanned railway crossing and establish a Railway under Bridge at Sidharthnagar.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): **अध्यक्ष महोदय, मैं आपका अत्यंत आभारी हूँ कि आपने मुझे एक तात्कालिक और अत्यंत लोक महत्व के प्रश्न को शून्य प्रहर के माध्यम से उठाने की अनुमति दी है ।**

महोदय, हमारे भारत सरकार की रेलवे की एक नीति है । उस नीति के तहत सभी अनमैन्ड क्रॉसिंग्स को बंद करने का निर्णय लिया गया है । उसके साथ-साथ यह भी नीति है कि जो अनमैन्ड क्रॉसिंग बंद होंगी, लोगों की आवागमन की दृष्टि से उनको कोई कठिनाई नहीं हो, उनकी क्रॉसिंग चलती रहे, इसके लिए रेलवे अण्डरब्रिज का निर्णय लिया गया है । इसी दृष्टि से हमारा आकांक्षा जनपद सिद्धार्थनगर है । उस जनपद में एक रेलवे फ्लाईओवर बना और उसके बाद वहाँ की क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया । इससे पूरा शहर दो हिस्से में हो गया । उस पॉलिसी के तहत वहाँ रेलवे अण्डरब्रिज का बनना बहुत आवश्यक है । इस संबंध में, मैंने इसके पहले भी उल्लेख किया था और माननीय मंत्री जी को भी पत्र दिया है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बात कहना चाहता हूँ । अभी पिछले दिनों हमारे यहाँ के समपार फाटक 52**सी,** 53**सी और** 54**सी को बंद किया जा रहा है । इन तीनों समपार फाटक के बंद करने से लगभग** 50 **हजार से ऊपर की आबादी का आवागमन रूक जाएगा । इससे लोगों का कृषि कार्य और उनका अस्पताल जाना बंद हो जाएगा । मैं आपके माध्यम से माँग करता हूँ कि रेल मंत्रालय की जो नीति है, उसके तहत अगर हम अनमैन्ड क्रॉसिंग को बंद करेंगे तो आर.यू.बी. देने का जो प्रोविजन है, उसको सिद्धार्थनगर के महरिया के पास जो समपार फाटक है,** …

(व्यवधान) यह पूरे देश का मामला है । मैं कौशलेन्द्र जी की बात से बिल्कुल सहमत हूँ । उनके यहाँ भी इस प्रकार की समस्या होगी ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूँगा कि इस सदन की तरफ से एक निर्देश जाए कि कम से कम आप अनमैन्ड क्रॉसिंग बंद करें । रेलवे एक कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन है, वह सुविधा देने के लिए है और देश की जनता को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए । इस संबंध में वहाँ आर.यू.बी. बनाने के लिए आपके माध्यम से एक निर्देश जाए ।... (व्यवधान)